**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 08.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर व साइबर क्राइम पुलिस थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा संत तुलसी सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल की छात्राओं से किया गया शक्ति संवाद। बच्चियों/छात्राओं को बाल अपराधों, साइबर अपराधों, आपातकालीन सहायता सेवाओं व सरल भाषा में गुड टच- बैड टच आदि के बारे में दी गई जानकारी।**

**विवरण**- महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर व साइबर क्राइम पुलिस थाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा शहर क्षेत्र स्थित संत तुलसी पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को सरल तरीके से **गुड टच और बैड टच** के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया। बालिकाओं को **बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट (POCSO Act)** और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को **1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर)** एवं **112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)** के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही साइबर सम्बन्ध अपराधों एवं उनसे बचने के उपायों को भी विस्तृत रुप से समझाया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा शक्ति संवाद करते हुए उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था।